**19/08**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को मज़बूत करने, महिला-नेतृत्व वाली उद्यमिता को बढ़ावा देने, बाल देखभाल पहलों को आगे बढ़ाने और वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के कार्यान्वयन में तेज़ी लाने पर चर्चा की। बैठक में राज्यपाल ने इस बात पर ज़ोर दिया कि सच्ची प्रगति तभी संभव है जब विकास के केंद्र में महिलाएँ हों। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाली उद्यमिता केवल एक आर्थिक रणनीति नहीं है, बल्कि यह मजबूत, आत्मनिर्भर समुदायों के निर्माण का एक तरीका है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने कल ईटानगर स्थित विधानसभा परिसर में राज्य विधानसभा के स्वर्ण जयंती समारोह के स्मारक स्तंभ का अनावरण किया। उन्होंने विधानसभा के समृद्ध इतिहास के फोटोग्राफिक रिकॉर्ड को प्रदर्शित करने वाली फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्रियों, विधानसभा अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों को सम्मानित भी किया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर में 24वें राज्य वन्यजीव बोर्ड की चौथी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वन संबंधी मुद्दों को सावधानीपूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ हल करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि वनों की सुरक्षा ज़रूरी है, लेकिन उन लोगों की सुरक्षा भी उतनी ही ज़रूरी है जिन्होंने पीढ़ियों से इन वनों को अपना घर कहा है।

0000000000000000000000

राज्य सरकार और सियांग जिले के बेगिंग गांव के निवासियों द्वारा आज उपमुख्यमंत्री चाउना मेन, आरडी और पीआर मंत्री ओजिंग तासिंग, सलाहकार निनोंङ इरिंङ, सियांग अपर मल्टिपर्पस प्रोजेक्ट विकास समिति के अध्यक्ष तामियो तागा एंव अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सियांग अपर मल्टिपर्पस प्रोजेक्ट की पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट के संचालन के लिए एक समझौता ज्ञापन MOU पर हस्ताक्षर किए गए है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उपमुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना संवाद, सहमति और साझा जिम्मेदारी के आधार पर विकास के लिए राज्य सरकार के दृष्टिकोण की पुष्टि है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके, बेगिंग गांव के 85% से अधिक परिवारों ने SUMP के PFR की तैयारी के लिए अपना समर्थन देने का संकल्प लिया है।

0000000000000000000000

राज्य के शहरी विकास मंत्री बालो राजा ने IMC मेयर तामे फ़ासांग के साथ शहर के डंपिंग ग्राउंड में बनने वाले कचरे से चारकोल बनाने वाले प्लांट का निरीक्षण किया। मीडिया से बात करते हुए, मेयर ने कहा कि, IMC ने एक निजी कंपनी के साथ साझेदारी की है जो कचरे को प्रोसेस करके उसे चारकोल में बदल देगी। उन्होंने कहा कि परियोजना का पूरा खर्च कंपनी उठाएगी, जबकि IMC की ज़िम्मेदारी बिजली आपूर्ति, मार्ग और सुरक्षा दीवारें जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करना होगा।

0000000000000000000000

देश में मुगा, एरी और रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, 'मेरा रेशम, मेरा अभिमान' मिशन के तहत केंद्रिय मुगा एरी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र जोरहाट द्वारा कल ईस्ट सियांग जिले के रुकसिन स्थित लिंगका में सेरिकलचर पर जागरुक्ता कार्यक्रम की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 35 मुगा एवं एरी रेशम किसानों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

भारतीय सेना, सेना भर्ती कार्यालय, जोरहाट के तत्वावधान में, अरुणाचल प्रदेश के चयनित उम्मीदवारों के लिए आगामी 3 से 5 सितंबर तक ग्याप्तोंग रीजनल स्टेडियम, रूपा में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन करेगी। चयनित उम्मीदवारों को 3 सितंबर को सुबह 2:30 मिनट पर मार्शलिंग एरिया, ग्याप्तोंग रीजनल स्टेडियम, रूपा में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

00000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 15 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभवना है।

00000000000000000000000

ज़िरो स्थित सेंट क्लैरेट कॉलेज, के मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट द्वारा आज रचनात्मकता, मीडिया साक्षरता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कामले जिले के गवर्मेंट हायर सेकेंड्री स्कूल, बोआसिमला, में एक फोटोग्राफी कार्यशाला और मीडिया साक्षरता अभियान के साथ विश्व फोटोग्राफी दिवस 2025 का आयोजन किया गया  जिसमें स्कूल के 36 छात्रों ने भाग लिया।

00000000000000000000000

कल यिंगकियोंग स्थित डीसी कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में मिसल्स-रूबेला टीकाकरण अभियान, ज़िरो डोज़ इंप्लिमेंटेशन प्लान और नियमित टीकाकरण, 2025 की पहली तिमाही समीक्षा पर जिला कार्य बल टीकाकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य अपर सियांग जिले में टीकाकरण और जन स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए प्रगति की समीक्षा और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करना था।

00000000000000000000000